# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (21.11.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 21.11.2024, PAGE-06**

### बीआरएबीयू में अब तीन जगह होगी डिग्री की रीसिविंग

बीआरएबीयू में अब तीन जगह छात्रों की डिग्री की रीसिविंग होगी। इसके लिए परीक्षा विभाग ने नई व्यवस्था तैयार की है। परीक्षा विभाग अब सभी कॉलेजों को छात्रों की डिग्रियों का रिकार्ड देगा और उसकी एक कॉपी विवि में भी रहेगी। कॉलेज के साथ एक कॉपी डिलिंग असिस्टेंट के पास भी रहेगी। कॉलेज अब छात्रों को यह नहीं कह सकेंगे कि विवि से डिग्री नहीं आई है।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 21.11.2024, PAGE-06**

### बीआरएबीयू ने रूस के संस्थान से किया करार

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू विवि ने रूस की राजधानी मॉस्को स्थित पुस्किन स्टेट रसियन लैंगवेज इंस्टीट्यूट के साथ एमओयू किया है। इसकी जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने दी।

बीआरएबीयू ने पहलीबार किसी विदेशी विश्वविद्यलाय से करार किया है। इससे दोनों देशों के बीच शैक्षिक गतिविधि बढ़ेगी। कुलपति ने बताया कि विवि में रसियन की पढ़ाई होती है। इस करार के तहत दोनों संस्थानों में अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास आदि में सहयोग पर सहमति बनी है। इस समझौते से दोनों संस्थान के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों के बीच शोध और अध्ययन की दिशा में सहयोग के रास्ते खुलेंगे। इस समझौते के साथ विवि का करीब तीन दर्जन से अधिक विवि के साथ एमओयू हो चुका है।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 21.11.2024,**
**PAGE-06**

### विवि की वॉलीबॉल टीम अगले चक्र में

मुजफ्फरपुर। नॉर्थ यूनिवर्सिटी, ओडिशा में चल रहे ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी मेंस वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में बुधवार को बीआरएबीयू यूनिवर्सिटी ने तेजपुर यूनिवर्सिटी, असम को 3-0 से पराजित कर दूसरे चक्र में प्रवेश किया। बीआरएबीयू यूनिवर्सिटी के कोच रविशंकर कुमार के अनुसार बीआरएबीयू यूनिवर्सिटी और तेजपुर यूनिवर्सिटी के बीच कांटे का मुकाबला हुआ। बीआरएबीयू की टीम ने पहला सेट 25-16, 25-20 व 25-21 से जीता।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 21.11.2024, PAGE-04**

## बीआरएबीयू व पुश्किन स्टेट रशियन लैंग्वेज इंस्टिट्यूट में एमओयू

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू व फेडरल स्टेट एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन ऑफ हायर एजुकेशन के पुश्किन स्टेट रशियन लैंग्वेज इंस्टीट्यूट के बीच एमओयू हो गया है. एमओयू पर पुश्किन स्टेट रशियन लैंग्वेज इंस्टीट्यूट के रेक्टर प्रो निकिता वी.गुसेव व बीआरएबीयू के वीसी प्रो दिनेश चंद्र राय ने हस्ताक्षर किया. प्रो राय ने कहा कि इस एमओयू के अंतर्गत शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास आदि में सहयोग पर सहमति बनी है. इस समझौते से दोनों संस्थान के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों के मध्य शोध व अध्ययन की दिशा में सहयोग के रास्ते खुलेंगे. इस समझौते के साथ ही विश्वविद्यालय का तीन दर्जन से अधिक विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू हो चुका है. यह एक अन्तरराष्ट्रीय एमओयू है.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 21.11.2024. PAGE-04**

## अपार आइडी : गूगल फॉर्म से लेंगे छात्र डेटा

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के पीजी विभागों व विभिन्न कॉलेजों में नामांकित स्नातक, पीजी व वोकेशनल समेत अन्य कोर्स में दाखिला लेने वाले स्टूडेंट्स की अपार आइडी बनेगी. एक सप्ताह के भीतर बनाकर उसकी रिपोर्ट विवि को देना होगा. इसको लेकर अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो.आलोक प्रताप सिंह ने कॉलेजों को पत्र भेजा है. कहा है कि एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) के तहत स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री या अपार आइडी बनवाना अनिवार्य है. ऐसे में जिन छात्र-छात्राओं की आइडी नहीं बनी है, उनकी आइडी बनाने के साथ ही इसकी रिपोर्ट विश्वविद्यालय को एक सप्ताह के भीतर दें.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**



**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**

**DATE : 21.11.2024, PAGE-04**


# 1000 बच्चों में से 28 नहीं देख पाते पहला जन्मदिन



**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के पीजी गृहविज्ञान विभाग में डॉ अरुण शाह फाउंडेशन व आइक्यूएसी की ओर से परिचर्चा हुई. राष्ट्रीय नवजात सप्ताह 15 से 21 नवंबर के उपलक्ष्य में आयोजित परिचर्चा में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अरुण शाह ने कहा, 1000 में से 22 बच्चे एक महीना और 28 बच्चे अपना पहला जन्मदिन नहीं देख पाते. उन्होंने बच्चे के जन्म के समय कमरे के तापमान से लेकर स्वच्छता तक का विशेष ख्याल रखने की बात कही. आइक्यूएसी के निदेशक डॉ कल्याण झा ने कहा कि यह नया जन्म है. इसे विशेष ध्यान देने की जरूरत है. डॉ संगीता रानी ने कहा कि नवजात के लिए पहला टीकाकरण है. विभागाध्यक्ष डॉ कुसुम ने अतिथियों का स्वागत किया. मंच संचालन डॉ विदिशा मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन डॉ रेणु ने किया. मौके पर डॉ श्वेता प्रियदर्शनी के साथ ही प्रीति व द्वितीय सेमेस्टर की सभी छात्राएं मौजूद रहीं.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 21.11.2024, PAGE-02**

## विश्वविद्यालय का एक और संस्थान से एमओयू

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने एक और संस्थान से एमओयू किया है। फेडरल स्टेट एजुकेशन इंस्टीट्यूशन आफ हायर एजुकेशन पुश्किन स्टेट रसियन लैंग्वेज इंस्टीट्यूट और बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के बीच एमओयू हुआ है। एमओयू पर रेक्टर प्रो. निकिता वी. गुसेव व बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने हस्ताक्षर किया। प्रो. राय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस एमओयू के अंतर्गत शोध व अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास आदि में सहयोग पर सहमति बनी है। इस समझौते से दोनों संस्थान के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व प्राध्यापकों के मध्य शोध और अध्ययन की दिशा में सहयोग के रास्ते खुलेंगे। इस समझौता के साथ ही विश्वविद्यालय का लगभग तीन दर्जन से अधिक विश्वविद्यालयों के साथ करार हो चुका है। दोनों संस्थानों के मध्य समन्वय का कार्य विश्वविद्यालय रसियन विभाग में पदस्थापित सहायक प्राध्यापक डा. दिव्यम प्रकाश व सुश्री सुषमा ने किया।

## गूगल फार्म में छात्र-छात्राओं के अपार की देनी होगी जानकारी

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के अपार कार्ड की जानकारी रखी जाएगी। सभी पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत और संबद्ध कालेजों को यह रिकार्ड देना होगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से गूगल फार्म जारी किया गया है। इसी में सभी कालेज अब तक बन चुके छात्र-छात्राओं के अपार कार्ड की जानकारी साझा करेंगे। इसको लेकर विश्विवद्यालय की ओर से निर्देश भी जारी किया गया है। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि सात दिनों के भीतर कालेजों से लेकर पीजी विभागों में बने हुए अपार कार्ड की जानकारी देनी है। उन्होंने कहा कि सभी नामांकित छात्र-छात्राओं का अपार (आटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक एकाउंट रजिस्ट्री) कार्ड बनवाना जरूरी है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। विश्वविद्यालय की ओर से इसके लिए पीजी इलेक्ट्रानिक्स विभाग के डा. मो. इम्तियाज अनवर को दी गई है। सभी कालेजों में अपार के लिए बनाए गए नोडल अधिकारियों को सत्रवार छात्र-छात्राओं की जानकारी गूगल फार्म में उपलब्ध कराना है। दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से गूगल फार्म बनाने से जुड़ा एक पीपीटी कालेजों को उपलब्ध कराया गया है, ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही अपार कार्ड बनाने को लेकर एक वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अन्य शामिल हो सकेंगे।

### एबीसी खाते में विश्वविद्यालय को मिला तीसरा स्थान

एबीसी यानी एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट खाता तैयार करने में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। पहले स्थान पर पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय पटना है। वहीं एलएनएमयू को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। चौथे स्थान पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय और पांचवें पर बीएन मंडल भागलपुर विश्वविद्यालय का नाम शामिल है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब तक एक लाख 33 हजार 150 विद्यार्थियों का एबीसी खाता बन गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**



**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**

**DATE:21.11.2024, PAGE-02**


# रूस की शैक्षणिक संस्था से बिहार विवि का करार

**मुजफ्फरपुर|** बीआरए बिहार विवि एवं फेडरल स्टेट एजुकेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन पुस्किन स्टेट रसिया लैंग्वेज इंस्टीच्यूट के बीच एमओयू किया गया है। प्रो. निकिता वी. गुसेव एवं बीआरएबीयू की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने इस पर हस्ताक्षर किया। प्रो. राय ने कहा कि इस एमओयू के अंतर्गत शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक एवं विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास आदि में सहयोग पर सहमति बनी है। इस समझौते से दोनों संस्थान के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों के मध्य शोध और अध्ययन की दिशा में सहयोग के रास्ते खुलेंगे। इस समझौते के साथ ही विश्वविद्यालय का लगभग तीन दर्जन से अधिक विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू हो चुका है। यह एक अंतरराष्ट्रीय एमओयू है। दोनों संस्थानों के मध्य समन्वय का कार्य विश्वविद्यालय रशियन विभाग में पदस्थापित सहायक प्राध्यापक डॉ. दिव्यम प्रकाश एवं सुश्री सुषमा ने किया।